भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली, 23 दिसंबर, 2024

विषयः नवंबर, 2024 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (संख्या- 11)

नवंबर, 2024 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/आयोजन नीचे दी गए हैः

1. 55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई)

1.1 **<u>सिंहावलोकनः</u>** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गोवा सरकार के सहयोग से **20 से 28 नवंबर, 2024** तक पणजी, गोवा में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई) का आयोजन किया, जिसका विषय था **"यंग फिल्म मेकर्स: द फ्यूचर इज नॉउ"**, जिसमें उभरती वैश्विक प्रतिभाओं को हाइलाइट और **ऑस्ट्रेलिया** को फोकस देश के रूप में दर्शाया गया।

1.2 **<u>महोत्सव में सहभागिताः</u>** आईएफएफआई 2024 में **81 देशों की 189 फिल्में** दिखाई गईं, जिसमें 34 भारतीय राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशो और 28 देशों के **11,332 प्रतिनिधियों** ने सहभागिता की और **30 मास्टरक्लास, पैनल चर्चा और 100 से अधिक रेड कार्पेट इवेन्ट** आयोजित किए गए। **फिल्म बाजार** में **42 देशों से 1,876 प्रतिनिधियों** की भागीदारी के साथ गहरी रूचि देखी गई, जिससे **500 करोड़ रु.** से अधिक के व्यावसायिक अवसर और अनुमान सामने आए। **15 करोड़ रु.** से अधिक की स्पांसरशिप प्राप्त की गई।

1.3 **<u>युवा कार्यक्रमः</u>** **"क्रिएटिव माइंड्स ऑफ़ टुमॉरो"** कार्यक्रम ने 22 भारतीय राज्यों से **100 प्रतिभागियों** का चयन किया, और **यंग फिल्ममेकर प्रोग्राम** ने **345 छात्रों**, जिनमें प्रीमीयर फिल्म स्कूलों के 279 छात्र और पूर्वोत्तर भारत के 66 छात्रों का स्वागत किया। जोमैटो के साथ साझेदारी में **'इफ़िएस्टा'** नामक एक मनोरंजन कार्यक्रम में 6,000 छात्रों सहित **18,795 आगंतुको** ने सहभागिता की। फिल्म स्कीनिंग, प्रदर्शनियों और श्रद्धांजलियों के अलावा आईएफएफआई 2024 ने भारतीय सिनेमा के चार महान आइकॉन्स- **राज कपूर, तपन सिन्हा, अक्किनेनी नागेश्वर राव और मोहम्मद रफ़ी** को उनकी शाताब्दी के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट का अनावरण करके श्रद्धांजलि दी गई।

2. **नए ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' का शुभारंभ: 20 नवंबर, 2024 को** गोवा में **55वें आईएफएफआई** के उद्घाटन समारोह के दौरान राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती के प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' को लॉच किया गया। 'वेव्स' एक व्यापक **एग्रीगेटर ओटीटी प्लेटफार्म** है, जो समावेशी भारत की कहानियों को प्रदर्शित करता है और 12 से अधिक भाषाओं में विविध सामग्री प्रदान करता है और इन्फोटेनमेंट की **10 से अधिक शैलियों** को शामिल करता है।

3. **मंत्रालय की महत्वपूर्ण उपलब्धियां और कार्यकलापः**

- **क्रिएट इन इंडिया चैलेंज को मिली जबरदस्त प्रतिक्रियाः** क्रिएट इन इंडिया चैलेंज- सीजन 1, जिसमें **10,000** से अधिक **पंजीकरण** हुए है, ने विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) से पहले काफी उत्साह पैदा कर दिया है।

(सी. सेंथिल राजन)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष 23382597